**NEWS CLIPPING: 13.10.2020**

## THE TRIBUNE

### ONE MORE CHANCE FOR EIT STUDENTS

**Faridabad:** To provide one more chance to the intermediate semester students of the Echelon Institute of Technology (EIT), Faridabad, to submit their reappear examination forms, the JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has decided to accept examination forms of such students for even semester reappear exam from October 12 to October 26, 2020. This decision has been taken in compliance with the directions of the High Court of Punjab and Haryana, keeping in view the future of students. An official notice to this effect has also been issued by the university.

The Tribune Tue, 13 October 2020
https://epaper.tribune:

**NEWS CLIPPING: 13.10.2020**

**THE PIONEER**

# एश्लोन के विद्यार्थियों को फार्म भरने का मौका मिला

## विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए विश्वविद्यालय ने दिया अवसर

### एश्लोन इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी अब 26 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं परीक्षा फार्म



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने एश्लोन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (ईआईटी), फरीदाबाद के इंटरमीडिएट सेमेस्टर के विद्यार्थियों को इवन सेमेस्टर रि-अपीयर के लिए परीक्षा फार्म जमा करने का एक और अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय ऐसे विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म 12 अक्टूबर से 26 अक्टूबर, 2020 तक स्वीकार करेगा।

यह निर्णय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस आशय का एक आधिकारिक नोटिस भी विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा रि-अपीयर के लिए परीक्षा फार्म 28 फरवरी से 12 मार्च, 2020 तक आमंत्रित किये गये थे। एश्लोन इंस्टीट्यूट ने इस अवधि के दौरान विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय को जमा नहीं करवाये। इसके बावजूद, एश्लोन इंस्टीट्यूट को विलम्ब शुल्क के साथ विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए कई अवसर दिए गए थे, लेकिन एश्लोन इंस्टीट्यूट द्वारा विश्वविद्यालय को परीक्षा फॉर्म जमा नहीं करवाये गये।

इसके परिणामस्वरूप, एश्लोन इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी 12 अक्टूबर, 2020 से शुरू हो रही रि-अपीयर परीक्षा में नहीं बैठ पायेंगे। एश्लोन इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर-प्रिंसिपल को जारी किये गये नोटिस में कहा गया है कि विश्वविद्यालय के परीक्षा वेब-पोर्टल को विद्यार्थियों के रि-अपीयर के परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए 26 अक्टूबर, 2020 तक खोल दिया गया है। एश्लोन इंस्टीट्यूट के ऐसे विद्यार्थी जोकि पहले से विश्वविद्यालय के साथ पंजीकृत हैं, वे अपने संस्थान के वेब-पोर्टल लॉगिन के माध्यम से परीक्षा फार्म भर सकते है, जिसके लिए उन्हें विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा में निर्धारित फीस जमा करवानी होगी। इसके अलावा, ऐसे विद्यार्थी जोकि विश्वविद्यालय के साथ पंजीकृत नहीं है, वे अपने परीक्षा फार्म की स्कैन कापी ईमेल conductjcbust@gmail.com पर भेज सकते है अथवा सीधे परीक्षा शाखा में निर्धारित फीस के साथ 26 अक्टूबर, 2020 तक जमा करवा सकते है। इसके अलावा, एश्लोन इंस्टीट्यूट को देरी से परीक्षा फॉर्म जमा करवाने के लिए विलंब शुल्क भी जमा करना होगा। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के समक्ष एश्लोन इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों द्वारा किये गये अनुरोध तथा उनके भविष्य को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ऐसे विद्यार्थियों के लिए अलग से रि-अपीयर परीक्षा का आयोजन करेगा, जिसके लिए अलग से अधिसूचना जारी की जायेगी।

**NEWS CLIPPING: 13.10.2020**

**HINDUSTAN**



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस यूनिवर्सिटी में कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कोरोना महामारी से सतर्क रहने के लिए शपथ दिलाई। • हिन्दुस्तान

# वाईएमसीए : सावधानी बरतने का संकल्प लिया

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईसीसीए में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कर्मचारियों और अधिकारियों को कोविड-19 पर जन आन्दोलन अभियान के तहत कोरोना महामारी से सतर्क रहने तथा रोकथाम के उपाय अपनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी ने कोरोना महामारी से सतर्क रहने और इस विषाणु के प्रसार को रोकने संबंधी सभी आवश्यक सावधानियां बरतने का संकल्प लिया।

**NEWS CLIPPING: 13.10.2020**


## DAINIK JAGRAN

# फार्म भरने के लिए 26 तक का दिया समय

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय ने एश्लोन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (ईआइटी) के इंटरमीडिएट सेमेस्टर के छात्रों को इवन सेमेस्टर रि-अपीयर के लिए परीक्षा फार्म जमा करने का एक और अवसर दिया गया है। विश्वविद्यालय ऐसे छात्रों के परीक्षा फार्म 12 से 26 अक्टूबर तक स्वीकार करेगा।

यह निर्णय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस आशय का एक आधिकारिक नोटिस भी विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया है।

विश्वविद्यालय द्वारा रि-अपीयर के लिए परीक्षा फार्म 28 फरवरी से 12 मार्च आमंत्रित किए गए थे। एश्लोन इंस्टीट्यूट ने छात्रों के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय को जमा नहीं करवाए। एश्लोन को विलंब शुल्क के साथ छात्रों के परीक्षा फार्म जमा करने का भी मौका दिया था। एश्लोन इंस्टीट्यूट के प्रधान निदेशक को




जारी किए गए नोटिस में कहा गया है कि विश्वविद्यालय के परीक्षा वेब-पोर्टल को छात्रों के रि-अपीयर के परीक्षा फार्म जमा करने के लिए 26 अक्टूबर तक खोल दिया गया है। एश्लोन इंस्टीट्यूट के ऐसे विद्यार्थी जोकि पहले से विश्वविद्यालय के साथ पंजीकृत हैं, वे अपने संस्थान के वेब-पोर्टल लागिन के माध्यम से परीक्षा फार्म भर सकते हैं, जिसके लिए उन्हें विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा में निर्धारित फीस जमा करवानी होगी। इसके अलावा, ऐसे छात्र जोकि विश्वविद्यालय के साथ पंजीकृत नहीं हैं, वे अपने परीक्षा फार्म की स्कैन कापी ई-मेल पर भेज सकते हैं या फिर सीधे परीक्षा शाखा में निर्धारित फीस के साथ 26 अक्टूबर तक जमा करवा सकते है।

**NEWS CLIPPING: 13.10.2020**

**THE PIONEER**

# कोरोना महामारी से सतर्क रहने का संकल्प लिया



**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने यहां अपने कार्यालय में कर्मचारियों और अधिकारियों 'कोविड-19 पर जन आन्दोलन अभियान' के अंतर्गत कोरोना महामारी से सतर्क रहने तथा रोकथाम के उपाये अपनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी ने कोरोना महामारी से सतर्क रहने और इस विषाणु के प्रसार को रोकने संबंधी सभी आवश्यक सावधानियां बरतने का संकल्प लिया। इस अभियान के अंतर्गत कर्मचारियों और विद्यार्थियों को महामारी से लड़ने में उचित उपायों का पालन करने के लिए संकल्प लेने के लिए कहा गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और कर्मचारियों ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन सत्र के माध्यम से अभियान में भाग लिया और कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए सावधानी बरतने, मास्क पहनने, उचित शारीरिक दूरी बनाये रखने संबंधी नियमों की अनुपालना करने और कोविड-19 के प्रसार को रोकने की दिशा में योगदान देने का संकल्प किया।

**NEWS CLIPPING: 13.10.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# महामारी से सतर्क रहने का संकल्प लिया



एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद: जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय में कर्मचारियों व अधिकारियों को कोरोना पर जन आंदोलन अभियान के तहत कोरोना महामारी से सतर्क रहने व रोकथाम के उपाय अपनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी ने कोरोना महामारी से सतर्क रहने व इस विषाणु के प्रसार को रोकने संबंधी सभी आवश्यक सावधानियां बरतने का संकल्प लिया। छात्रों व कर्मचारियों ने डिजिटल प्लैटफॉर्म पर ऑनलाइन सत्र के माध्यम से अभियान में भाग लिया।

**NEWS CLIPPING: 13.10.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# रि-अपीयर के लिए फॉर्म जमा करने का एक और मौका



एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद : जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने एश्लोन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (ईआईटी) फरीदाबाद के इंटरमीडिएट सेमेस्टर के छात्रों को ईवन सेमेस्टर रि-अपीयर के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने का एक और मौका देने का निर्णय लिया है। यूनिवर्सिटी में ऐसे छात्र 12 से 26 अक्टूबर आवेदन कर सकते हैं। यूनिवर्सिटी ने हाई कोर्ट के निर्देशों की अनुपालना में छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है। इस बारे में एक आधिकारिक नोटिस भी यूनिवर्सिटी की तरफ से जारी कर दिया गया है। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने रि-अपीयर के लिए 28 फरवरी से 12 मार्च तक परीक्षा फॉर्म आमंत्रित किए थे। एश्लोन इंस्टिट्यूट ने इस अवधि के दौरान छात्रों के परीक्षा फॉर्म यूनिवर्सिटी को जमा नहीं कराए। ऐसे में छात्रों को 12 अक्टूबर से शुरू हुई रि-अपीयर परीक्षा में नहीं बैठने दिया गया। कुलपति प्रफेसर दिनेश के अनुसार इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर-प्रिंसिपल को जारी किए गए नोटिस में कहा गया है कि यूनिवर्सिटी के परीक्षा वेब-पोर्टल को छात्रों के रि-अपीयर परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए 26 अक्टूबर तक खोल दिया गया है। इंस्टिट्यूट के ऐसे छात्र जो पहले से यूनिवर्सिटी के साथ रजिस्टर्ड हैं, वे अपने संस्थान के वेब-पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फॉर्म भर सकते है। इसके लिए छात्रों को यूनिवर्सिटी की परीक्षा शाखा में निर्धारित फीस जमा करवानी होगी। इसके अलावा, ऐसे छात्र जो यूनिवर्सिटी के साथ रजिस्टर्ड नहीं है, वे अपने परीक्षा फॉर्म की स्कैन कापी conductjcbust@gmail.com पर ईमेल कर सकते हैं या फिर सीधे परीक्षा शाखा में निर्धारित फीस के साथ 26 अक्टूबर तक जमा करवा सकते हैं।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 13.10.2020**

**AMAR UJALA**

# विद्यार्थियों को रि-अपीयर फॉर्म जमा करने का मौका

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विवि से संबंद्ध एश्लोन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी(ईआईटी) के इंटरमीडिएट सेमेस्टर के विद्यार्थियों को दूसरे, चौथे व छठे (इवन) सेमेस्टर के रि-अपीयर फॉर्म भरने का एक और अवसर दिया गया है। विवि 26 अक्तूबर तक यह फॉर्म स्वीकार किया जाएगा। निर्णय पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार विद्यार्थी हित में लिया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा रि-अपीयर के लिए परीक्षा फार्म 28 फरवरी से 12 मार्च, 2020 तक आमंत्रित किए गए थे। इस अवधि के दौरान विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय को जमा नहीं करवाए गए। अब एश्लोन इंस्टीट्यूट को नोटिस जारी कर विवि ने चेतावनी दी है। नोटिस में विवि के परीक्षा वेब-पोर्टल को विद्यार्थियों के रि-अपीयर परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए 26 अक्टूबर, 2020 तक खोलने की जानकारी दी गई है। ब्यूरो

Recognised by UGC under Section 2 (f) & 12 (B) of UGC Act, 1956 | Accredited 'A' Grade by NAAC

**NEWS CLIPPING: 13.10.2020**

## DAINIK BHASKA

# एश्लोन इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों को रि-अपीयर परीक्षा फार्म जमा करने का एक और मौका

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एश्लोन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के इंटरमीडिएट सेमेस्टर के विद्यार्थियों को इवन सेमेस्टर रि-अपीयर के लिए परीक्षा फार्म जमा करने का एक और अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय ऐसे विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म 12 से 26 अक्टूबर तक स्वीकार करेगा। यह निर्णय पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस आशय का एक नोटिस भी विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय द्वारा रि-अपीयर के लिए परीक्षा फार्म 28 फरवरी से 12 मार्च 2020 तक आमंत्रित किये गये थे। एश्लोन इंस्टीट्यूट ने इस अवधि के दौरान विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय को जमा नहीं कराए। इसके बावजूद एश्लोन इंस्टीट्यूट को विलम्ब शुल्क के साथ विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म जमा करने के लिए कई अवसर दिए गए थे, लेकिन एश्लोन इंस्टीट्यूट द्वारा विश्वविद्यालय को परीक्षा फॉर्म जमा नहीं कराए गए। इसके परिणामस्वरूप एश्लोन इंस्टीट्यूट के विद्यार्थी 12 अक्टूबर से शुरू हो रही रि-अपीयर परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे।

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 13.10.2020**

**HINDUSTAN**



# फॉर्म जमा करने का एक और मौका

**फरीदाबाद (का. सं.)** । जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए ने एश्लॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (ईआईटी) के इंटरमीडिएट सेमेस्टर के छात्रों को इवन सेमेस्टर री-अपीयर के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने का एक और अवसर प्रदान करने का फैसला लिया गया है।

विश्वविद्यालय ऐसे छात्रों के परीक्षा फॉर्म 12 से 26 अक्तूबर तक स्वीकार करेगा। ये फैसला पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय ने री-अपीयर के लिए परीक्षा फार्म 28 फरवरी से 12 मार्च तक आमंत्रित किए थे।